facilities at Sindri and Thombay for farmers and advise them on the correct use of fertilizers.

The consumption of chemical fertilizers has increased manifold during the last three plans as a result of the promotional work undertaken by the extension agency all over the country. The consumption of nitrogen increased from 0.55 lakh tonnes in the pre-plan period (1950-51) to an estimated 6.00 lakh tonnes as at the the end of the Third Plan (1965-66). During the same period the consumption of phosphatic fertilizers increased from 0.07 lakh tonnes to 1.50 lakh tonnes. The consumption of potash had reached the level of 0.9 lakh tonnes by the end of the Third Five Year Plan.

गांव नालाई, गढ़वाल उत्तर प्रदेश में डाकखाने का खोला जाना

2905. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री अर्जुन सिंह भदोरिया :

क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गांव नालाई, पटवालस्यूं में एक डाक खाना खोलने के बारे में पटवालस्यूं गढ़वाल विकास मंडल, दिल्ली से एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में क्या निर्णय किया गया है या किये जाने का प्रस्ताव है ;

(ग) क्या यह सच है कि पौड़ी गढ़वाल जिले में गांव नालाई, पटवालस्यूं से पांच मील के दायरे में कोई भी डाक-खाना नहीं है ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार का विचार वहां कब डाकखाना खोलने का है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय तथा संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री शेर सिंह): (क) जी हां।

(ख) लखनऊ के पोस्टमास्टर जनरल इस मामले की जांच कर रहे हैं।

(ग) जी नहीं। निकटतम डाकघर परसुनदाखाल का उप-डाकघर नालाई, पटवालस्यूं गांव से 2 मील 4 फर्लांग की दूरी पर है। यहां से तीन मील की दूरी पर एक अन्य डाकघर कालजीखाल है।

(घ) यह इस मामले की जांच के परिणाम पर निर्भर करता है।

स्वदेशी काटन एण्ड फ्लोर मिल्स लिमिटेड, इन्दौर

2906. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री 26 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2407 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वदेशी कौटन एण्ड फ्लोर मिल्स लिमिटेड, इन्दौर, मालवा यूनाइटेड मिल्स लिमिटेड, इन्दौर और हीरा मिल्स लिमिटेड, उज्जैन ने अभी तक कर्मचारी भविष्य निधि की कितनी बकाया धन राशि जमा कर दी है ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) यदि हां, तो उक्त प्रत्येक मिलों ने कितनी-कितनी बकाया धनराशि जमा की और प्रत्येक पर इस समय कुल कितनी धन-राशि बकाया है ; और

(घ) क्या इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करने के बारे में राज्य सरकार से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर ली गई है ?

श्रम रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (ग). कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने निम्नलिखित सूचना भेजी है :—

30-9-68 को भविष्य निधि की बकाया राशियों में से, इनमें से प्रत्येक प्रतिष्ठान द्वारा जमा की गई राशियां और वे राशियां जो अभी भी बकाया हैं, इस प्रकार है :—